III A	अर्द्ध, शुष्क पूर्वी मैदान	2.96	जयपुर, अजमेर, दौसा और टोंक
III B	बाढ़ संभाव्य पूर्वी मैदान	2.77	अलवर, धौलपुर, भरतपुर, करोली और सवाई माधोपुर
IV A	उप-आर्द्र दक्षिणी मैदान	3.36	भीलवाड़ा, राजसमंद, सिरोही, उदयपुर, चित्तौड़गढ़
IV B	आर्द्र दक्षिणी मैदान	1.72	डूंगरपुर, प्रतापगढ़, उदयपुर, बांसवाड़ा,चित्तौड़गढ़
V	आर्द्र दक्षिण-पूर्वी मैदान	2.70	कोटा, झालावाड़ा, बूंदी, बारां, सवाई मधोपुर

1404. राजस्थान में कृषि जलवायु III-B/ बाढ़ प्रभावित पूर्वी मैदान में निम्नलिखित में से कौन सम्मिलित नहीं है?

(a) भरतपुर (b) धौलपुर
(c) टोंक (d) करौली

पशुधन सहायक भर्ती परीक्षा-2018

Ans. (c) उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

1405. राजस्थान के किन जिलों में अमेरिकन कपास का उत्पादन होता है?

(a) गंगानगर, बांसवाड़ा (b) कोटा, बून्दी
(c) झालावाड़, बारां (d) उदयपुर, चित्तौड़गढ़

कनिष्ठ अभियंता (सिविल) (डिग्रीधारक)-18.05.2022

Ans. (a) : राजस्थान के श्री गंगानगर, हनुमानगढ़ और बासवाड़ा जिले में अमेरिकन कपास उगायी जाती है। कपास को राजस्थान में स्थानीय स्तर पर 'बणीयां' कहते हैं।

1406. जयपुर, दौसा और अजमेर राजस्थान के किस कृषि-जलवायु प्रदेश में सम्मिलित हैं?

(a) बाढ़ प्रभावित पूर्वी मैदान
(b) अर्द्ध शुष्क पूर्वी मैदान
(c) अर्द्ध आर्द्र दक्षिणी मैदान
(d) आर्द्र दक्षिणी मैदान

कनिष्ठ अभियंता (सिविल) (डिग्रीधारक)-18.05.2022

Ans. (b) : राजस्थान कृषि विभाग द्वारा प्रदेश को 10 जलवायुविक क्षेत्र में विभाजित किया गया है। जयपुर, दौसा, अजमेर एवं टोंक जिले अर्द्ध शुष्क पूर्वी मैदान (IIIA जोन) के अन्तर्गत आते हैं। इस क्षेत्र में औसत वर्षा 500-700 मिलीमीटर है।

1407. राजस्थान में सबसे बड़ा कृषि-जलवायु प्रदेश है-

(a) IA-शुष्क पश्चिमी मैदान
(b) IC-अति शुष्क आंशिक सिंचित क्षेत्र
(c) II A-आंतरिक जल निकासी शुष्क क्षेत्र
(d) IV A-उप-आर्द्र दक्षिणी मैदान

Prayogshala Sahayak (Geography)-30.06.2022
RPSC Kanistha Abhiyanta 20.05.2022 Shift-II
Librarian Exam-23.11.2016
RPSC GK Agronomy-2022
Patwar Mains Exam -24.12.2016
Patwar Pre Exam -13.02.2016

Ans. (b) : राजस्थान में सबसे बड़ा कृषि जलवायु प्रदेश (1C-अति शुष्क आंशिक सिंचित पश्चिमी मैदानी क्षेत्र) हैं। इस कृषि जलवायु प्रदेश जिलें में बीकानेर, जैसलमेर व चुरू शामिल हैं।

1408. निम्नलिखित में से कौन से कृषि जलवायु प्रदेश में बाजरा बोया जाता है?

(a) आर्द्र दक्षिणी-पूर्वी मैदान
(b) आर्द्र दक्षिणी मैदान
(c) उपार्द दक्षिणी मैदान
(d) अर्द्ध-शुष्क पूर्वी मैदान

Prayogshala Sahayak (Geography)-30.06.2022

Ans. (d) : राजस्थान के अर्द्ध-शुष्क पूवी मैदान (III-A) कृषि जलवायु प्रदेश में बाजरा बोया जाता है। इस क्षेत्र के अंतर्गत निम्न जिले जयपुर, अजमेर, टोंक व दौसा आदि आते हैं।

1409. राजस्थान में सबसे छोटा कृषि-जलवायु प्रदेश हैः

(a) शुष्क पश्चिमी मैदान
(b) आर्द्र दक्षिणी मैदान
(c) अर्द्धशुष्क पूर्वी मैदान
(d) आर्द्र दक्षिण-पूर्वी मैदान

JEN Civil Diploma 21.08.2016
Prayogshala Sahayak (Geography)-30.06.2022

Ans. (b) : राजस्थान में सबसे छोटा कृषि जलवायु प्रदेश आर्द्र दक्षिणी मैदान (IV B) हैं, जिसका क्षेत्रफल लगभग 1.72 मिलियन हेक्टेयर है। राजस्थान में सबसे बड़ा कृषि जलवायु प्रदेश अति शुष्क आंशिक सिंचित क्षेत्र (IC) है।

1410.राजस्थान में निम्न में से कौन सी रबी की फसल नही है?

(a) गेहूँ (b) चना
(c) जौ (d) बाजरा

Prayogshala Sahayak (Geography)-30.06.2022

Ans. (d) : राजस्थान में रबी की फसलें निम्न हैं-गेहूँ, जौ, चना, सरसों, मटर आदि हैं, जबकि बाजरा खरीफ की फसल है।

1411. भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़ तथा राजसमन्द जिले राजस्थान के किस कृषि जलवायु प्रदेश के अन्तर्गत आते हैं?

(a) उप-आर्द्र दक्षिणी मैदान
(b) बाढ़ प्रभावित पूर्वी मैदान
(c) आर्द्र दक्षिणी मैदान
(d) आर्द्र दक्षिणी पूर्वी प्रदेश

कनिष्ठ अभियंता (कृषि) सीधी भर्ती परीक्षा-10.09.2022

Ans. (a) – भीलवाड़ा चित्तौड़गढ़ तथा राजसमन्द जिले राजस्थान के उप-आर्द्र दक्षिणी मैदान [IV-A] कृषि जलवायु प्रदेश के अन्तर्गत आते हैं। इस क्षेत्र का कृषि अनुसंधान सेन्टर उदयपुर में स्थित है। राजस्थान को 10 कृषि जलवायु प्रदेशों में बाँटा गया है। आर्द्र दक्षिणी मैदान राजस्थान का सबसे छोटा कृषि जलवायु प्रदेश है।

1412. राजस्थान में वर्ष 2014-15 के दौरान सर्वाधिक बाजरे का उत्पादन निम्नांकित में से किस एक जिले में किया गया?

(a) जयपुर (b) जोधपुर
(c) अलवर (d) सीकर

पशुधन सहायक भर्ती परीक्षा-2018